RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 18 • 01:02:2024 • गुरुवार • मूल्य : 5/-

## अजन्मे बच्चे का ख्याल रखना भी कोर्ट की ड्यूटी

### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की 32 हफ्ते का गर्भ गिराने की अर्जी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि अजन्मे बच्चे और मां के हितों का ख्याल रखना भी अदालतों की एक ड्यूटी है। इसके साथ ही सर्वोच्च अदालत ने 26 वर्षीय एक विधवा की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें 32 सप्ताह के गर्भा को समाप्त करने की मांग की गई थी। पीड़ित महिला, जो मानसिक आघात और अवसाद के कारण गर्भावस्था को आगे नहीं बढ़ाना चाहती थी, की ओर से दायर याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को सही ठहराया। हाई कोर्ट ने इस मामले में पहले ही एम्स के डॉक्टरों का एक मेडिकल बोर्ड गठित कर जांच करवाई थी, जिसमें पाया गया था कि अजन्मा बच्चा सामान्य है। चिकित्सा विशेषज्ञों की राय के आधार पर हाईकोर्ट ने 23 जनवरी को महिला की याचिका खारिज कर दी थी। उसके बाद उस आदेश के खिलाफ महिला ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा, भ्रूण में कोई गड़बड़ी या असामान्यता नहीं है बल्कि बच्चा बिल्कुल सामान्य शरीर वाला है। इसलिए इस याचिका पर हम विचार नहीं कर सकते हैं। इस पर याचिकाकर्ता के वकील राहुल शर्मा ने कहा, हमें मां के बारे में सोचना चाहिए न कि अजन्मे भ्रूण के बारे में। वह एक विधवा है और वह इस सदमे के साथ जीना नहीं चाहती। यह गर्भावस्था उसकी पसंद और इच्छा के विरुद्ध है जो और



अधिक आघात का कारण बनेगी। याचिकाकर्ता के वकील की दलीलों पर खंडपीठ के दूसरे जज जस्टिस प्रसन्ना बी वराले ने कहा, हमें सिर्फ एक की नहीं बल्कि भ्रूण और मां दोनों की देखभाल करनी है। यह कहते हुए उन्होंने याचिका खारिज कर दी। खंडपीठ ने पाया कि दिल्ली हाई कोर्ट पहले ही केंद्र या राज्य सरकार को निर्देश दे चुकी है कि अगर महिला सरकारी अस्पताल में बच्चे को जन्म देने का विकल्प चुनती है तो उसके सभी चिकित्सा खर्च सरकार उठाएगी। केंद्र ने यह भी आश्वासन दिया कि यदि महिला बच्चे को गोद देने को इच्छुक है, तो इस संबंध में भी उसकी पूरी मदद की जाएगी। कोर्ट ने कहा,यह सिर्फ अगले दो हफ्ते का सवाल है। यहां तक कि सरकार भी बच्चे को गोद लेने को तैयार है, फिर हम हड़बड़ी नहीं कर सकते। मेडिकल बोर्ड का कहना है कि समय से पहले गर्भ हटाने से महिला की जान को खतरा हो सकता है।

सीएम साय बोले-

## खून के कतरे-कतरे का लेंगे हिसाब

• बस्तर में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**बस्तर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के टेकलगुड़ेम में मंगलवार को हुए नक्सली हमले में शहीद तीनों जवानों को सीआरपीएफ करनपुर कैंप में श्रद्धांजलि दी गई। मुख्यमंत्री साय ने भी शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि नक्सलियों से जवानों के खून के कतरे-कतरे का हिसाब लिया जाएगा। इस दौरान डिप्टी सीएम विजय शर्मा भी मौजूद रहे। मंगलवार को जोनागुड़ा-अलीगुड़ा क्षेत्र में कोबरा-एसटीएफ-डीआरजी की टीम सर्चिंग कर रही थी। दोपहर 3 से 4 बजे के बीच घात लगाए नक्सलियों



ने टीम पर फायरिंग कर दी। इस दौरान सुरक्षाबलों ने भी नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। फोर्स को भारी पड़ता देख माओवादी जंगल की आड़ लेकर भागने में कामयाब हो गए। बस्तर आईजी पी सुंदरराज का दावा है कि जवाबी कार्रवाई में 6 नक्सली भी मारे गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार सुबह बस्तर पहुंचे और सीआरपीएफ कैंप करनपुर पहुंचकर मुठभेड़ में शहीद तीनों जवानों को श्रद्धांजलि दी।

## ज्ञानवापी परिसर में अब गूंजेंगा 'हर-हर महादेव' का जयकारा

### आ गया कोर्ट का बड़ा फैसला, हिन्दू पक्ष की मिली जीत

कोर्ट ने व्यास जी के तहखाने में दी पूजा-पाठ की इजाजत





**वाराणसी (एजेंसी)।** ज्ञानवापी के तहखाने में व्यास जी के तहखाने में वाराणसी की अदालत ने पूजा-पाठ की इजाजत दे दी है। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने डीएम को सात दिन के अंदर पूजा-पाठ के प्रबंध करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी आदेश दिया है कि वादी और काशी विश्वनाथ ट्रस्ट बोर्ड की ओर से रखे गये पुजारी यहां पूजा करेंगे। पूजा के लिए लोहे के बाड़ हटाकर रास्ता देने के लिए भी डीएम को आदेश किया गया है। पिछले ही हफ्ते अदालत के आदेश पर व्यास जी के तहखाने की चाबी डीएम ने अपने कब्जे में ली थी। हिन्दू पक्ष के वकील आज के फैसले को राममंदिर का ताला खुलवाने जैसा मान रहे हैं। इस तहखाने पर 1993 से पहले पूजा पाठ होती थी। अयोध्या में विवादित ढांचा ढहने के बाद ज्ञानवापी के चारों तरफ प्रशासन ने लोहे की बैरिकेडिंग कर दी थी। इससे तहखाने में जाने का रास्ता बंद हो गया था और पूजा पाठ भी बंद हो गई थी। काशी विश्वनाथ मंदिर में बने नंदी के ठीक सामने स्थित ज्ञानवापी के इस तहखाने में 1993 से पहले सोमनाथ व्यास का परिवार नियमित पूजा पाठ करता था।



लोहे की बैरिकेडिंग लगने से वहां आना-जाना बंद हो गया और पूजा पाठ भी बंद हो गई थी। पिछले साल जब ज्ञानवापी में स्थित श्रृंगार गौरी में पूजा की इजाजत समेत कई मामले दाखिल हुए तो तहखाने में भी दोबारा पूजा पाठ के लिए व्यास जी के नाती शैलेंद्र व्यास ने अदालत से गुहार लगाई थी।

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव विवाद में अब हाईकोर्ट की एंट्री

### प्रशासन से तीन दिनों में मांगा जवाब, भाजपा ने जीते तीनों पद

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** चंडीगढ़ मेयर इलेक्शन के मुद्दे को लेकर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई है। अदालत ने इस मामले में चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम से तीन हफ्तों के भीतर रिपोर्ट तलब की है। गठबंधन की तरफ से धांधली के आरोप लगाए गए हैं। साथ ही चुनाव अधिकारी पर सवाल उठाए गए हैं। मंगलवार को घोषित नतीजों में भारतीय जनता पार्टी उम्मीवार मनोज सोनकर ने जीत हासिल की थी। आम आदमी पार्षद कुलदीप कुमार ने बैलेट पेपर में छेड़छाड़ के आरोप लगाए थे। इस संबंध में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने की अनुमति दे दी थी। कुमार के आरोप थे कि उच्च न्यायालय के आदेश के उल्लंघन में यह चुनाव हुआ है। साथ ही उन्होंने नए चुनाव कराने की अपील की है। याचिका में प्रिसाइडिंग ऑफीसर पर भी सवालिया निशान लगाए गए थे।

6 साल के बच्चे ने राहुल से पूछा-

## शादी कब होगी

### जवाब मिला-पहले काम निपटा लूं; बच्चा बोला-ये फ्यूचर के प्राइम मिनिस्टर हैं



**किशनगंज (एजेंसी)।** किशनगंज में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी से 6 साल के बच्चे अर्स नवाज ने पूछा- आपकी शादी कब होगी। इस पर राहुल ने बच्चे से कहा कि अभी तो मैं काम कर रहा हूं, जब काम खत्म हो जाएगा तब। बच्चे ने राहुल को फ्यूचर का प्राइम मिनिस्टर भी कहा। इसके बाद राहुल ने भी बच्चे से पूछा...आप शादी कब करोगे, तो बच्चे ने कहा कि जब मैं बड़ा हो जाऊंगा तब। इसका वीडियो बच्चे ने अपने यू-ट्यूब चैनल पर अपलोड किया है। बच्चा ब्लॉग बनाता है। वीडियो को राहुल ने भी अपने सोशल मीडिया साइट पर शेयर किया है। राहुल 29 जनवरी को किशनगंज पहुंचे थे। वीडियो भी 29 जनवरी का ही है।

## बंगाल बॉर्डर के पास राहुल गांधी की कार पर 'पथराव'

### टूट गई विंडस्क्रीन, भारत जोड़ों न्याय यात्रा में बवाल की आशंका

**कटिहार (एजेंसी)।** कांग्रेस पार्टी ने बुधवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी की कार को निशाना बनाए जाने आरोप लगाया। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार को दावा किया कि बिहार-बंगाल सीमा के पास संदिग्ध पथराव में राहुल गांधी की कार का शीशा टूट गया। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा इन दिनों बिहार दौरे पर है। कांग्रेस नेता और बंगाल इकाई के प्रमुख अधीर रंजन चौधरी के अनुसार, यह घटना तब हुई जब यात्रा पश्चिम बंगाल बॉर्डर के पास से गुजर रही थी। इस कथित हमले के चलते कार की पिछली खिड़की (विंडस्क्रीन) का शीशा टूट गया। हालांकि राहुल सुरक्षित हैं और उन्हें कोई चोट नहीं आई है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, हमारी कार का शीशा तोड़ दिया गया है, लेकिन हमारी यात्रा नहीं रुकेगी और इंडिया गठबंधन नहीं झुकेगा।

## यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बनेगा उत्तराखंड

• सीएम धामी सरकार 6 फरवरी को विधानसभा सत्र में पेश करेगी विधेयक

**देहरादून (एजेंसी)।** सीएम पुष्कर सिंह धामी सरकार ने उत्तराखंड में समान नागरिक सहिता-यूनीफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने की तैयारी लगभग पूरी कर ली है। यूसीसी के ड्राफ्ट को तैयार करने के लिए गठित विशेषज्ञ कमेटी 2 फरवरी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को रिपोर्ट सौंपेगी। कैबिनेट मंजूरी के



बाद सरकार यूसीसी को लेकर 06 फरवरी को विधानसभा सत्र में विधेयक लाएगी। उत्तराखंड का विधानसभा सत्र 05 फरवरी से शुरू हो रहा है। बता दें कि धामी ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान उत्तराखंड में यूसीसी को लागू करने का वादा किया था। प्रचंड जीत के बाद मुख्यमंत्री धामी ने राज्य मंत्रिमंडल की पहली बैठक में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को अपनी मंजूरी दे दी और 27 मई 2022 को पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया।

संसद का बजट सत्र

नई संसद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पहला संबोधन, कहा

## राम मंदिर की आकांक्षा सदियों से थी, जो इस साल पूरी हुई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बजट सत्र की शुरुआत से पहले लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संबोधित कर रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि बीता साल भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा। उन्होंने सांसदों को महिला आरक्षण कानून बनाने के लिए बधाई भी दी। उन्होंने एशियन गेम्स के इतिहास में सबसे अधिक मेडल, चंद्रयान-तीन की सफलता, राम मंदिर निर्माण का सपना पूरा होने का जिक्र किया। राष्ट्रपति ने जैसे ही राम मंदिर का जिक्र किया मौजूद सांसदों ने मेज थपथपाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि राम मंदिर की आकांक्षा सदियों से थी, जो इस साल पूरी हुई है। राष्ट्रपति के मुताबिक गुलामी के दौर में बने कानून अब इतिहास का हिस्सा बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि तीन तलाक की कुप्रथा को खत्म करने के लिए सरकार ने कड़े कानूनी प्रावधान किए। इससे पहले मोदी ने सदन के बाहर मीडिया को संबोधित



किया। उन्होंने कहा, मैं आशा करता हूं कि इस साल में जिसको जो रास्ता सूझा, उस प्रकार से संसद में सबने अपना-अपना कार्य किया। मैं इतना जरूर कहूंगा कि कुछ लोगों का स्वभाव आदतन हुड़दंगी हो गया है, जो आदतन लोकतांत्रिक मूल्यों का चीरहरण करते हैं, ऐसे सभी माननीय सांसद आज आखिरी सत्र में जरूर आत्मनिरीक्षण करेंगे कि 10 साल में उन्होंने क्या किया। इस नए संसद भवन में जो पहला सत्र हुआ था, उसके आखिर में एक सांसद ने एक बहुत ही गरिमापूर्ण फैसला लिया था। वो फैसला था नारीशक्ति वंदन अधिनियम। उसके बाद 26 जनवरी को हमने देखा किस प्रकार से देश में कर्तव्य पथ पर नारी शक्ति की सामर्थ्य को, शौर्य को, संकल्प की शक्ति को अनुभव किया और आज बजट सत्र का आरंभ हो रहा है, जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मार्गदर्शन और कल निर्मला सीतारमण का अंतरिम बजट एक प्रकार से नारी शक्ति के साक्षात्कार का पर्व है।

## अरविंद केजरीवाल को अब ईडी ने भेजा 5वां समन

### शराब घोटाले में कसता जा रहा शिकंजा, 2 दिन का ही दिया टाइम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के कथित शराब घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर तलब किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को पांचवां समन भेजा है। केजरीवाल को 2 फरवरी को ईडी मुख्यालय में पेश होने को कहा गया है। ऐसे में केजरीवाल के पास इस बात पर विचार के लिए दो ही दिन का टाइम बचा है कि वह इस बार जांच एजेंसी के सामने पेश होंगे या नहीं। दिल्ली के सीएम इससे पहले 4 समन को दरकिनार कर चुके हैं। केजरीवाल ने ईडी के समन को हर बार अवैध बताकर नजरअंदाज किया है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि बीजेपी लोकसभा चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कराना चाहती है। खुद केजरीवाल ने टाइमिंग पर सवाल उठाते हुए कहा था कि लोकसभा चुनाव में उन्हें कैंपेन से रोकने के लिए साजिश रची जा रही है और झूठे केस में गिरफ्तार किया जा सकता है।



## 300 एनकाउंटर करने वाले प्रशांत कुमार को मिली नई जिम्मेदारी

### • बनाए गए यूपी के नए कार्यवाहक डीजीपी, 1990 बैच के आईपीएस • सीएम योगी के हैं भरोसेमंद,विजय कुमार की जगह संभाल लिया चार्ज

**लखनऊ (एजेंसी)।** आईपीएस प्रशांत कुमार ने बुधवार को यूपी पुलिस के नए मुखिया का पद संभाल लिया। 1990 बैच के प्रशांत कुमार को नया कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया है। उन्होंने विजय कुमार की जगह ली है। विजय कुमार का कार्यकाल आज यानी 31 जनवरी को खत्म हो रहा है। अभी तक प्रशांत कुमार डीजी लॉ एंड ऑर्डर के पद पर थे। उनकी गिनती सीएम योगी के भरोसेमंद अफसरों में होती है। प्रशांत कुमार का कार्यकाल 16 महीने का यानी मई, 2025 तक है। प्रशांत कुमार यूपी पुलिस के चौथे कार्यवाहक डीजीपी हैं। इस बार भी यूपी पुलिस को स्थायी डीजीपी नहीं मिला है। आईपीएस की सीनियारिटी लिस्ट में प्रशांत कुमार 19वें नंबर पर हैं। यानी प्रदेश में 18 आईपीएस उनसे सीनियर बैच के हैं। कार्यवाहक डीजीपी की रेस में आंनद कुमार, पीवी रामा शास्त्री का भी नाम था। मगर, प्रशांत कुमार सबसे आगे निकल गए। प्रशांत अब तक 300 से ज्यादा एनकाउंटर कर चुके हैं।



## यूपी में 'इंडिया' गठबंधन को मिलेगा तगड़ा बूस्ट

### सीटों के बंटवारे की जल्द घोषणा संभव, दिल्ली में कांग्रेस-सपा कर सकती है बड़ा ऐलान

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के 80 सीटों पर विपक्षी गठबंधन इंडिया के बीच सीटों के बंटवारे पर सहमति जल्द बन सकती है। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पहले राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी के साथ बातचीत कर उन्हें साधा। रालोद- सपा गठबंधन का ऐलान कर दिया गया। मीडिया में खबरें आईं कि रालोद को सपा लोकसभा चुनाव में 7 सीटें दे सकती है। इसके बाद अखिलेश यादव ने कांग्रेस को 11 सीटों पर चुनाव लड़ाने की घोषणा कर दी। हालांकि, अखिलेश यादव की घोषणा के बाद कांग्रेस की ओर से बयान आया कि अभी तक सीटों के बंटवारे पर वार्ता नहीं हो पाई है। जल्दी बातचीत कर इंडिया गठबंधन के सीटों का ऐलान होगा। अभी इस मामले में बात आगे बढ़ती दिख रही है कि दिल्ली में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं के बीच बैठकों का दौर शुरू हुआ है। यूपी की 80 लोकसभा सीटों में से 22 सीट पर कांग्रेस अपनी दावेदारी कर रही है।



# एनएच 727 के लालसरैया चौक पर अज्ञात वाहन की ठोकर से दो युवकों की मौत

**मृतक युवक बखरिया व लालसरैया के हैं जिनके शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा।इस घटना से पीड़ित परिवार में मचा कोहराम मचा हुआ है जानकारी के अनुसार मामले में अबतक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।**

चाणक्य भूमि। कनकलता बेतिया



एन एच 727 के लालसरैया चौक के निकट बोलेरो की ठोकर से दो युवकों की मौत हो गयी।वही बोलेरो चालक गाड़ी लेकर फरार होने में सफल रहा। एसएचओ अभय कुमार ने बताया कि दोनों ही शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौप दिया गया है।पीड़ित परिवार में इस हादसे से कोहराम मचा है।बखरिया पंचायत के मुखिया पति एकबाली राम ने बताया कि घटना मंगलवार की रात 09 बजे के करीब की है।सूचना पर पहुंची मझौलिया पुलिस ने पहले दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मझौलिया भेजा जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को गंभीर हालात को देखते हुए बेतिया जीएमसीएच रेफर किया ।जहां इलाज के दौरान दोनों घायलों की मौत हो गई।मृतक की पहचान बखरिया वार्ड नं 12 निवासी यदुनंदन पासवान का 27 वार्षिय पुत्र अमृत पासवान के रुप में हुई है।दूसरा मृतक लालसरैया वार्ड नं 1 निवासी घूघनी मांझी का 40 वर्षीय पुत्र रंगलाल मांझी के रुप मे हुई है।इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अभय कुमार ने बताया कि ठोकर मारने के बाद चालक गाड़ी लेकर भाग फरार हो गया।उन्होंने बताया कि परिजनों द्वारा आवेदन प्राप्त नही हुआ है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।बताते चले कि मृतक राजू पासवान बखरिया चौक से फर्नीचर का काम कर अपने घर साइकिल से लौट रहा था।उसी दौरान लालसरैया चौक पर रंगलाल मांझी से मुलाकात हुई। दोनों आपस मे बात करने लगे।तभी घना कुहासा में अचानक बेतिया की तरफ से आ रही अनियंत्रित बोलोरो ने दोनों को रौंद डाला। बताया जाता है कि मृतक राजू पासवान का शादी नौ वर्ष पहले पूर्वी चंपारण के पहाड़पुर थानांतर्गत एकडेरवा गांव में हुई थी। घटना को लेकर मृतक की पत्नी ममता देवी का रो-रो कर बुरा हाल है।पूरे परिवार में चीत्कार एवं कोहराम मचा हुआ है।वही मृतक अमृत पासवान को दो बेटी 5 वर्षीय शिवानी कुमारी एवं 3 वर्षीय नीलम कुमारी तथा एक वर्ष का बेटा अभिनंदन कुमार है।जिसके सर से पिता का साया उठ गया।इस हादसे के कारण दोनों परिवार में मातमी सन्नाटा पसरा है।

## यातायात पुलिस पर मनमानी का लगाया आरोप

चाणक्य भूमि। बेतिया ।

बेतिया की यातायात पुलिस पर अमित कुमार ने मनमानी करने का आरोप लगाया है । पुलिस अधीक्षक को दिये गए अपने आवेदन मे अमित कुमार ने आरोप लगाया है की जिस आई डी से चालान काटा गया है उस नाम का कोई अधिकारी यातायात थाना मे पदस्थापित नहीं है। इस संबंध मे जब अमित कुमार से संप्रक किया गया तो उन्होंने बताया की उनकी गाड़ी किनारे पर खड़ी थी और कही भी यतातात बाधित नहीं हो रहा था । इस संबन्ध मे जब हमने उस स्थल का जायजा लिया तो देखा की वहाँ अगर सही मे यातायात बाधित होता भी रहा हो उसकी वजह वहाँ रखी इंटे है जो वहाँ पड़ी है । सच्चाई क्या है यह तो पुलिस अधीक्षक को दिये आवेदन की जाँच के बाद ही पता चलेगा । आवेदक ने इस संबंध मे विडिओ भी दिया है जिसमे पूरी कारवाई देखि जा सकती है ।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर सीएचओ ने की "आशा" को किया प्रोत्साहित

**एल्बेंडाजोल दवा खिलाने की गुर सीखाया । सीएचसी मझौलिया में 10 फरवरी से होगी अभियान की शुरुआत**



चाणक्य भूमि। कनकलता बेतिया।

मझौलिया प्रखण्ड के एचएससी सतभीड़वा में सम्पन्न आशा कार्यकर्ताओं की एक बैठक में आगामी 10 फरवरी से आयोजित फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के बारे में सीएचओ ने जानकारी दी।सीएचओ पुनम कुमारी ने बताया कि फाइलेरिया को आम भाषा मे हाथी पावँ रोग कहा जाता है।यह बीमारी मच्छड़ के काटने से फैलती है।डब्लूएचओ का हवाला देते हुए उन्होने कहा कि दीर्घकालिक दिव्यांगता की एक बड़ी वजह फाइलेरिया है।यह एक छोटी घातक बीमारी है,जो शरीर को धीरे धीरे खराब करती है।उन्होंने बताया कि मरीज को घेघा निकल जाता है।उन्होंने बताया कि ईलाज के लिए एलबेन्डाजोल की दवा खिलानी होगी।एल्बेंडाजोल फाइलेरिया की रामबाण दवा है।उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को गर्भवती महिलाओं को दवा नही खिलाने की हिदायत दी।साथ ही कहा कि खाली पेट यह दवा नही खानी चाहिये।दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को गर्भवती महिलाओं को और गंभीर रूप से ग्रसित मरीजो यह दवा नही देनी है।एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि प्रति माह के अंत मे आशा कार्यकर्ताओं फेसिलेटर को प्रशिक्षित किया जाता है।सर्वे और डीयू लिस्ट की जानकारी ली जाती है यह ख्याल रखा जाता है कि कोई भी बच्चाटीकाकरण से वंचित नही हो।अंत मे एक एक कर आशा को बयस्क लोगों के लिए खुराक की जानकारी दी गयी।मौके पर आशा फेसिलिटर सजदा खानमशिला देवीअख्तरी खातून ,कांति देवी,कनक लता,दुर्गा देवी,आफताब बेगम,जुबैदा खातून,एएनएम नीलिमा कुमारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# महापौर ने कहा नगर निगम के विकास कार्यों में गुणवत्ता के लिए जन जागरूकता जरूरी

**मौका था नगर निगम के तीन वार्डों में कुल 26.63 लाख से संपन्न पीसीसी सड़कों उद्घाटन, वार्ड 7, 29 और 31 में लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान ये बाते कही जिसमे संबंधित नगर पार्षद के साथ जेई और संवेदक भी हुए थे शामिल**

चाणक्य भूमि। बेतिया



नगर निगम के वार्ड 7, 29 और 31 में संपन्न अलग अलग कार्यक्रमों में बेतिया। नगर निगम महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने वार्ड 7, 29 और 31 में संपन्न अलग अलग लोकार्पण कार्यक्रमों में कुल 26 लाख 37 हजार 900 की लागत से पूरी अनेक पीसीसी सड़क और आरसीसी नालियों का उद्घाटन किया। इस मौके पर संबंधित क्षेत्र नगर पार्षद के साथ निगम के जेई और संवेदक के अतिरिक्त दर्जनों गणमान्य लोग शामिल हुए।वार्ड 7 में सुनीता फिलिक्स के घर से सुजाता टीचर घर तक एवम वकील रेडिमेड के घर से जितेंद्र गुप्ता के घर तक, बच्चा जी के घर से जितेंद्र गुप्ता के घर तक कुल 12,84500 से बनी आरसीसी नाला का उद्घाटन महापौर द्वारा किया गया। इसी प्रकार वार्ड 29 में रामश्री यादव के घर से जय श्री यादव के घर तक 9.65 लाख से बनी पीसीसी सड़क और आरसीसी नाले का उद्घाटन किया गया। वही वार्ड 31 में हिम्मत लाल साह के घर से राजू कुमार खरवार का घर होते पारस महतो के घर तक बनी पीसीसी सड़क का उद्घाटन महापौर द्वारा किया गया। इस मौके पर महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि कोई भी विकास कार्य जनता की गाढ़ी कमाई से प्राप्त टैक्स की राशि से ही संपन्न किए जाते हैं। इसलिए आज मैं अपील करना चाहूंगी कि नगर निगम के विकास कार्यों में गुणवत्ता के लिए आप सबकी जन जागरूकता और पहरेदारी सबसे जरूरी ही नहीं बल्कि अनिवार्य है। इस मौके पर नगर पार्षद मनोज कुमार, अमर यादव एवम प्रेमा देवी, कनीय अभियंता मनीष कुमार सहित दर्जनों मुहल्ला वासी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सीओ पर जानलेवा हमला अपराधियों ने कुल्हारी से काटने का किया प्रयास

**मामला मोतिहारी का है। जहां सीओ पर जबरन गलत काम कराने को लेकर जानलेवा हमला किया गया है। जानकारी के अनुसार सीओ के आवास पर पहुंचकर अपराधियों ने उन्हें कुल्हाड़ी से काटने का प्रयाष किया है**

चाणक्य भूमि। बेतिया ।

इस घटना में सीओ बाल बाल बचे हैं। रअसल, यह मामला जिले के हरसिद्धि का है। अपराधियों ने सीओ चंदशेखर तिवारी पर जानलेवा हमला किया है। आरोपियों ने सीओ के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार किया है। बताया जा रहा है कि आसपास के लोग और हरसिद्धि पुलिस मौके पर पहुंचकर सीओ की जान बचाई है।हीं हरसिद्धि पुलिस ने दोनों हमलावार को मौके से हिरासत में ले लिया है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामले को लेकर हरसिद्धि थाना अध्यक्ष ने बताया कि सीओ के आवेदन के बाद हमलावर पर उचित कार्रवाई होगी।

# जिलाधिकारी की उपस्थिति में जप्त शराब नष्ट



चाणक्य भूमि। बेतिया।

जिला दंडाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय की उपस्थिति में बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना के परिसर में आज कुल-7249.92 लीटर अवैध विदेशी शराब एवं 174 लीटर अवैध देसी शराब का विनिष्टीकरण किया गया। साथ ही अधीक्षक, मद्य निषेध, पश्चिम चम्पारण द्वारा बताया गया कि चौतरवा थाना परिसर के अतिरिक्त आज ही धनहा थाना परिसर में धनहा व नदी थाना द्वारा जब्त कुल-8323.125 लीटर अवैध विदेशी शराब का विनिष्टीकरण किया गया। इस प्रकार आज कुल-15747.045 लीटर अवैध शराब का विनिष्टीकरण किया गया ज्ञातव्य हो कि मद्य निषेध विभाग, पटना एवं जिलाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया के दिशा-निर्देश के आलोक में जिले में मद्य निषेध कानून का सख्ती के साथ अनुपालन किया जा रहा है। शराब पीने तथा कारोबार करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई चल रही है। मद्य निषेध विभाग तथा पुलिस विभाग द्वारा लगातार पीने वालों तथा शराब का कारोबार करने वालों की गिरफ्तारी की जा रही है तथा शराब को जब्त किया जा रहा है। जब्त शराब को नियमानुसार विनिष्ट किया जा रहा है। इस अवसर पर अधीक्षक, मद्य निषेध, श्री मनोज कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बगहा, श्री कुमार देवेन्द्र, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, श्री सुजीत कुमार, अंचलाधिकारी, बगहा-01, श्री अभिषेक आनंद, राजस्व पदाधिकारी, बगहा-01, सुश्री कौशिकी चौबे सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# हार्ले डिविडसन की बाईक की बिक्री शुरू हुई-बाईक प्रेमियों में उत्साह

**हार्ले डिविडसन की बाईक के लॉन्च होने पर बाइकर्स के बीच काफी उत्साह था, बाईक प्रेमी विजय कुमार चौधरी, रवि राज नंदन, कुमार शशांक, जय प्रकाश पाण्डेय, चेतन पोद्दार, सल्वातोरे बैप्टिस्ट ठाकुर, चन्द्र शेखर, विपुल आर्यन, मनोज सिंह, रौशन केशरी द्वारा गाड़ी खरीद कर खुशी व्यक्त की गई**



चाणक्य भूमि। बेतिया

हीरो बाईक शो रूम में हार्ले डिविडसन एक्स 440 बाइक को लॉच किया गया। प्रथम दिन ही हार्ले डेविडसन की सारी बाइक बेच दी गई । हीरो कंपनी के टीएसएम श्यांतन पलाधि, शो रूम के मालिक वेदांत गोयनका,ने इसकी लौन्चिंग की इसमें हार्ले डिविडसन एक्स 440 कि चाभी पहले ग्राहक के रूप में मौजूद श्री विजय कुमार चौधरी, रवि राज नंदन, कुमार शशांक, जय प्रकाश पाण्डेय, चेतन पोद्दार, सल्वातोरे बैप्टिस्ट ठाकुर, चन्द्र शेखर बेतिया विपुल आर्यन नरकटियागंज, मनोज सिंह, बैरिया रौशन केशरी ,मझौलिया दिया! गाडी की पहली लिस्ट में बुकिंग होने पर गाड़ी दी गयी । हीरो मोटो कॉर्प के अधिकारी ने बताया कि 15 अक्टूबर से पूरे देश में इस बाइक की डिलिवरी शुरू कर दी गयी है। रफ्तार के दिवानों के लिए अमेरिकन कंपनी की यह बाइक सबसे सुरक्षित एवं स्टाइलिस्ट है। उन्होंने बताया कि इस बाइक की डिमांड ज्यादा आ रही है। यह बाइक तीन वेरिएंट में उपलब्ध है। लॉचिंग के अवसर पर बाइक खरीदने वालों में शामिल चिकित्सक डॉ. रवि राज दबे, डॉ. शशांक, डॉ. रौशन केसरी के अलावे जयप्रकाश पांडेय, मनोज कुमार सिंह, विपुल कुमार, सोलवेंट के साथ जनरल मेनेजर रजिउल्लाह खान, सेल्स मेनेजर मानिक देवनाथ, वर्कशॉप मेनेजर जियाउल हक मनोज कुमार आदि मौजूद थे।इसके साथ ही इस गाडी को घर से लाने और और सर्विस कराकर घर तक छोड़ने कि भी सुविधा दी जाएगी

# ईवीएम से मतदान का गुर सीखा ग्रामीणों न

चाणक्य भूमि। कनकलता बेतिया।



बुधवार को राजकीय मध्य विद्यालय नौतन खुर्द में ग्रामीणों को ईवीएम से मतदान का तरीका सिखाया गया।ईवीएम के प्रदर्शन में ग्रामीण महिलाओं व पुरुषों की भीड़ उमड़ी।कनीय अभियंता रजनीश कुमार ने मतदाताओं को ईवीएम मशीन से मतदान करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि ईवीएम मशीन में प्रत्याशियों के फोटो के सामने चुनाव चिन्ह आवंटित रहेगा। आप लोगों को जिसको वोट देना है उसे प्रत्याशी के चुनाव चिन्ह के सामने स्थित नीला बटन को दबाना है। अंगूठा दबाने के बाद ईवीएम मशीन से टी की आवाज सुनाई देगी ,तो समझ लेना कि वोट हो गया।ईवीएम मशीन के बगल में एक भीभी मशीन लगी रहेगी,इसमें मतदान हुआ कि नही ,इसकी जांच की जा सकती है।प्रशिक्षण समारोह की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया सौदागर साह ने की।उन्होंने वार्ड वाइज मतदाताओ को बुलाकर मतदान की प्रक्रिया को समझाया।प्रशिक्षण को लेकर मतदाताओ में उत्साह दिखा।चित्रांश परिवार के सदस्य मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है,इसपर जेई ने कहा कि ईवीएम का प्रदर्शन वार्ड वाइज कराया जायेगा।मतदान करने का अहर्ता रखनेवाले हर युवक युवतियां तथा अन्य लोग शामिल हो सकते है।बतातेचले कि आसन्न लोक सभा चुनाव को लेकर मतदान कोशांग जी जान से जुटा है।मतदाताओ को ग्रामीण स्तर पर जागरूक करने का काम किया जा रहा है।

# स्थानांतरित थानाध्यक्ष और एसआई।के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन



चाणक्य भूमि। बेतिया।

बुधवार को मैनाटाड़ थाना परिसर में सादे समारोह में स्थानांतरित थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा और दरोगा परवेज आलम को समारोह पूर्वक विदाई की गयी ।मौके पर पूर्व मुखिया हरेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरकारी नौकरी में तो आना जाना लगा रहता है ।बस याद किए जाते हैं तो अधिकारियों के द्वारा किए गए कार्य। वहीं शिक्षक सह बीआरपी उमाकांत मिश्रा ने कहा कि थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा के पंद्रह महीने के कार्यकाल में कानून के हित में जो काम किए गये हैं वो और अधिकारियों के प्रेरणादायक है। वहीं मौजूद अतिथियों और पुलिस अधिकारियों ने स्थानांतरित थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक राजीव नंदन सिन्हा और दरोगा परवेज आलम के सुखद जीवन के मंगल कामना की। मौके पर थानाध्यक्ष श्री सिन्हा भी भाव विभोर होते हुये कहा कि मैनाटांड़ थाना क्षेत्र के लोगों और पुलिसकर्मियों के द्वारा जो काम करने के दौरान सपोर्ट और व्यवहार मिला उसे कभी मैं भुला नहीं सकता। मौके पर अपर थानाध्यक्ष रामसेवक सिंह,जिप सदस्य प्रतिनिधि अखिलेश्वर प्रसाद,दरोगा सौरभ कुमार,दरोगा जयभगवान कुमार,सुखलही मुखिया प्रतिनिधि यशवंत कुमार, उप मुखिया धनंजय कुमार,अब्दुल हई, खलिकुजमा, बबलू आलम,फिरोज आलम आदि मौजूद रहें।

## महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल का नरकटियागंज जंक्शन का निरीक्षण



चाणक्य भूमि। बेतिया ।

नरकटियागंज जंक्शन का रेलवे के महाप्रबंधक ने बुधवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेल ट्रैक का विंडो इंस्पेक्शन भी किया गया। नरकटियागंज जंक्शन पर पहुंचे महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान महाप्रबंधक ने स्पेशल गाड़ी से उतरने के बाद प्लेटफार्म संख्या एक का जांच पड़ताल किया। जंक्शन पर साफ-सफाई बिल्कुल ठीक थी। इसके बाद नरकटियागंज रेल थाना परिसर में खड़ी जब्त बाइकों पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि जब्त बाइक को प्लेटफार्म से हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट करें। यहां से निरीक्षण के बाद वह स्टेशन के कैंटीन, बुक स्टॉल, उच्च श्रेणी प्रतीक्षालय और प्रतीक्षालय के शौचालय का निरीक्षण किया। हालांकि इस दौरान किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं मिली। यहां से निरीक्षण के बाद वह फिर स्पेशल गाड़ी से वाल्मीकिनगर की ओर निकल गये।

# जिले के नए सिविल सर्जन बनें डॉ श्रवण कुमार पासवान



विशेष संवाददाता।

जिले के नए सिविल सर्जन बनें डॉ श्रवण कुमार पासवान, पूर्व मे रह चुकें है मोतिहारी सदर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी।जिले के डीएम सौरभ जोरवाल, एसपी कंतेश मिश्रा व डीडीसी ने सिविल सर्जन डॉ अंजनी कुमार के विदाई एवं नए सिविल सर्जन के पद भार लेने के मौके पर हुए उपस्थित।मौके पर आरबीएस के जिला समन्वयक डॉ मनीष कुमार, डॉ खालिद अख्तर, डॉ शिल्पी श्रीवास्तव, ए एन एम वीणा द्विवेदी, अताउररहमान को बेहतर कार्य करने पर सम्मानित किया गया, वहीं नए सीएस के पद भार ग्रहण करने पर भीडीसीओ धर्मेंद्रकुमार,सत्यनारायण उराँव, रविंद्र कुमार,चंद्रभानु सिंह,सिद्धांत कुमार,डीसी सिफार व अन्य लोगों ने बधाई दी।

## एक नजर

### मुजफ्फरपुर में कारोबारी के सिर में गोली मारकर हत्या

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में कारोबारी की घर से 100 मीटर दूर सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान कुमार मुकेश के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वो मंगलवार की रात 10 बजे वो अपनी लॉज से लौट रहे थे। तभी घात लगाए बदमाशों ने पीछे से सिर में गोली मार दी और फरार हो गए। राहगीरों ने इसकी सूचना सदर थाना को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां जांच के के बाद डॉक्टरों ने कारोबारी को मृत घोषित कर दिया घटना के बाद अस्पताल में मृतक के परिजन जमा होने लगे। घटना की जानकारी के बाद सिटी एसपी अरविंद प्रताप सिंह, एएसपी टाउन भानु प्रताप सिंह, सदर थाना की पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई।

### युवक ने पुल से नदी में लगाई छलांग, मौत



**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपूर में एक युवक ने दादर पुल से बूढ़ी गंडक नदी में छलांग लगा दी है। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गई है। मामला जिले के अहियापुर थाना का है।दरअसल, बुधवार की सुबह 9:30 बजे जिले के अहियापुर थाना के दादर पूल के ऊपर से एक युवक बूढ़ी गंडक नदी में छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों ने युवक को रोकने का काफी प्रयास किया लेकिन उसने छलांग लगा दी। स्थानीय लोगो के द्वारा अहियापुर पुलिस को मामले की जानकारी दी गई।पुलिस आनन फानन में मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने की कवायद में जुट गई है। वही युवक के पास से कोई कागजात नहीं या मोबाइल नहीं मिला है। जिस कारण उसकी पहचान नही हो पाई है। पुलिस उसके फोटो को विभिन्न सोशल मीडिया पर शेयर कर रही है। ताकि युवक की पहचान हो सके। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### तेजस राजधानी 10 घंटे तो दुरंतो 16 घंटे लेट

**पटना।** बुधवार के दिन 9 ट्रेनें घंटों डिले हैं। दिल्ली से हर दिन आने वाली ट्रेन तेजस राजधानी एक्सप्रेस संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, मगध एक्सप्रेस रोज की तरह आज भी लेट हैं। सबसे अधिक हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस है, जो अपने निर्धारित समय से 16 घण्टे लेट है। दूसरे नंबर फरक्का एक्सप्रेस है, जो अपने निर्धारित समय से 10 घण्टे से भी अधिक लेट है। 03217 बरौनी दानापुर मेमू अपने निर्धारित समय से 29 मिनट लेट है। गाड़ी का पटना जंक्शन पर आने का समय सुबह 8:45 बजे है। 12392 नई दिल्ली राजगीर श्रमजीवी एक्सप्रेस अपने निर्धारित 2 घंटे 56 मिनट लेट है। पटना जंक्शन पर इस गाड़ी के आने का समय सुबह 7:05 बजे है। 03612 सासाराम पटना पैसेंजर अपने निर्धारित समय से 32 मिनट लेट है।

### रणजी में एक भी मैच नहीं जीत पाई बिहार

**पटना।** बिहार ने अब तक चार रणजी ट्रॉफी का मुकाबला खेला है। लेकिन अभी तक एक भी नहीं जीत सकी है। बिहार की टीम अपने होमग्राउंड में पहले दो मैचों में फ्लॉप रही। मुंबई के खिलाफ पहले मैच में बिहार एक पारी और 51 रन से हारी। वहीं, दूसरे मैच में बिहार ने छत्तीसगढ़ को ड्रॉ पर रोका। बिहार का तीसरा मुकाबला उत्तर प्रदेश से मेरठ में था, जो मैच भी ड्रॉ रहा। वहीं, चौथा मुकाबला पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में केरल से था, जिसमें बिहार के बल्लेबाजों ने शानदार पारी खेली, लेकिन केरल ने उन्हें ड्रॉ पर रोका। इन चारों मैचों में अबतक बिहार को जीत नसीब नहीं हुई है। अब बिहार का अगला मुकाबला अपने होम ग्राउंड में आंध्र प्रदेश से है, जो 2 फरवरी को होगा। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के जीएम सुनील सिंह ने कहा कि पिछले बिहार टीम का प्रदर्शन हर मैच के साथ सुधर रहा है। पहले मैच में हम लोग बुरी तरह हार गए वहीं दूसरे मैच में एक प्वाइंट शेयर किया।

# रेलवे भर्ती बोर्ड के खिलाफ सड़क पर उतरेगा आइसा

## अभ्यर्थियों के ऊपर हुई लाठीचार्ज का विरोध, आंदोलन करने की चेतावनी

**एजेंसी, पटना।**



छात्र संगठन आइसा और एआईडीएसओ की ओर से रेलवे भर्ती बोर्ड आरआरबी के खिलाफ चल रहे अभ्यर्थियों के आंदोलन का समर्थन किया गया है। आइसा की ओर से कहा गया है कि छात्र संगठन अभ्यर्थियों के आंदोलन का समर्थन करता है। इसके लिए दो दिन आज और 1 फरवरी को सीटों की संख्या बढ़ाने को लेकर राज्यव्यापी प्रदर्शन किया जाएगा। रेलवे में लगभग 3 लाख से अधिक पद खाली होने के बाद भी 5600 सीटों पर ही केवल बहाली निकालना दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

**6 वर्षों के बाद आई है बहालीः** आइसा बिहार राज्य अध्यक्ष प्रीति कुमारी एवं राज्य सह सचिव कुमार दिव्यम ने संयुक्त रूप से जारी बयान में कहा कि दो करोड़ प्रति वर्ष नौकरी देनें का वादा कर के सत्ता में आई केंद्र की भाजपा सरकार रिक्त पड़े सीटों को भी नहीं भर रही है। 6 सालों से रेलवे में कोई बहाली नहीं आई है। आज पटना की सड़कों पर हज़ारों छात्र रिक्त सभी पदों पर बहाली की मांग को ले कर उतरे थें। आइसा छात्रों के इस मांग एवं आंदोलन का समर्थन करता है। कारगिल चौक पर आंदोलन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया। इसकी निंदा आइसा करता है। देश में भारी बेरोजगारी है, रेलवे में हो रही दुर्घटनाएं पर्याप्त कर्मचारियों की कमी के वजह से हो रही है। लेकिन केंद्र सरकार पदों को नहीं भर रही है। आइसा रेलवे में सभी रिक्त पदों को भरने की मांग करता है। आइसा 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को रेलवे अभ्यर्थियों के समर्थन में राज्यव्यापी प्रदर्शन करेगा।

**एआईडीएसओ ने की कार्रवाई की मांगः** छात्र संगठन एआईडीएसओ के बिहार राज्य सचिव विजय कुमार ने कहा कि पटना में रेलवे भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के शांतिपूर्ण आंदोलन पर पुलिस लाठीचार्ज घोर निन्दनीय है। छात्रों की मांग पूरी तरह से जायज है। इसमें आरआरबी एएलपी एंड टेक्नीशियन बहाली की विज्ञापित संख्या को बढ़ाने, 5 वर्षों से परीक्षा नहीं लिए जाने की स्थिति में उम्र सीमा में 5 वर्ष की छूट देने, परीक्षा कैलेंडर लागू करने और रेलवे के निजीकरण पर रोक लगाने की मांग शामिल है। उन्होंने केंद्र सरकार से अविलंब छात्रों की मांगों को पूरा करने एवं छात्रों पर लाठीचार्ज करने वाले दोषी पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। पटना के अनुमंडल दंडाधिकारी सदर श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर के द्वारा 31 जनवरी से 5 फरवरी तक रेलवे कर्मियों को छोड़कर प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों के लिए धारा 144 लागू कर दिया गया है। रेलवे ट्रैक, रेलवे स्टेशन पर 5 या 5 से अधिक लोग एकसाथ खड़े नहीं हो सकते। लाउड स्पीकर बजाने पर भी रोक लगा दिया गया है।

# पटना सिटी और सदर में धारा 144 लागू, धरना-प्रदर्शन

## जुलूस पर लगा प्रतिबंध, लाउड स्पीकर बजाने, भड़काऊ भाषण पर होगी कार्रवाई

### पटना सदर इलाके में प्रतिबंध

- रेलवे स्टेशन, रेलवे कार्यालयों, रेलवे ट्रैक पर 5 या 5 से अधिक लोगों का एक साथ इकट्ठा नहीं होना है।
- इस इलाके में प्रदर्शन, जुलूस, घेराव, धरना नहीं करना है।
- अस्त्र, शस्त्र, गोली, बारूद, विस्फोटक सामग्री व फरसा, भाला लेकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा।
- बिना अनुमति लाउड स्पीकर नहीं बजाना है।
- यह आदेश 31 जनवरी से 5 फरवरी तक लागू रहेगा।
- यह आदेश रेल कर्मियों, आरक्षी, सैन्य बल और सामान्य ढंग से यात्रा करने वाले लोगों पर लागू नहीं होगा। इनलोगों को इस आदेश से बाहर रखा गया है।

### पटना सिटी में इन चीजों पर प्रतिबंध



- रेलवे और सड़क यातायात को बाधित करना दंडनीय होगा। धरना, प्रदर्शन, जुलूस पर प्रतिबंध रहेगा।
- भड़काऊ संदेश के प्रसारण पर प्रतिबंध रहेगा।
- लाउड स्पीकर के माध्यम से भड़काऊ भाषण पर प्रतिबंध रहेगा।
- अस्त्र-शस्त्र लेकर प्रतिबंध रहेगा।
- सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना दंडनीय होगा।
- पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का एक जगह पर इकट्ठा प्रतिबंधित रहेगा।

**एजेंसी, पटना।**

पटना सिटी और सदर के कुछ हिस्सों में रेलवे अभ्यर्थियों के प्रदर्शन को देखते हुए धारा-144 लागू कर दिया गया है। सदर इलाके में 31 जनवरी से 5 फरवरी तक यह प्रभावी रहेगा और पटना सिटी इलाके में यह 31 जनवरी से अगले आदेश तक लागू रहेगा। इस दौरान धरना, प्रदर्शन, जुलूस को प्रतिबंधित कर दिया गया है।

**यह 31 जनवरी से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगाः** इस आदेश से मांगलिक कार्यों जैसे शादी, धार्मिक, शैक्षणिक, व्यवसायिक कार्यक्रमों को बाहर रखा गया है। इन पर कोई आदेश नहीं लागू होगा। पुलिस बल और विधि व्यवस्था संधारण कराने वाले लोगों को भी इस आदेश से बाहर रखा गया है। यानी विशेष रूप से छात्रों के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किया गया है। बता दें, कि रेलवे अभ्यर्थियों के द्वारा पटना में मंगलवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया था। जिसके बाद जिला प्रशासन की ओर से यह कदम उठाया गया है। छात्रों में रेलवे में कम पदों पर निकाली गई बहाली से नाराजगी है।

# इंटर परीक्षा आज से तैयारी पूरी बगहा में वीक्षको ने किया योगदान

**चाणक्य भूमि। बगहा**



संबाददाता। इंटर परीक्षा को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई है। परीक्षा कदाचार मुक्त हो इसको लेकर सभी परीक्षा केदो पर सीसीटीवी कैमरा व वीक्षकों की भी तैनाती कर दी गई है। बुधवार को सभी परीक्षा केंद्रो पर विक्षकों ने योगदान कर लिया साथ ही साथ सभी परीक्षा केंद्र पर सीट अरेंजमेंट का भी कार्य पूरा कर लिया गया है। एसडीएम डा.अनूपमा कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह से शांतिपूर्ण ढंग से कदाचार मुक्त माहौल में होगा उसको लेकर सही परीक्षा केंद्र पर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों की तैनाती हुई है। उन्होने बताया कि अनुमंडल में परीक्षा को लेकर 10 केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 332 विक्षक को की तैनाती हुई है।20 दंडाधिकारी व 5 चलंत मजिस्ट्रेट की तैनाती हुई है। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रो को स्टैटिसटिक्स मजिस्ट्रेट की भी तैनाती रहेगी इसके अलावा महिला मजिस्ट्रेट की भी प्रतिनियुक्ति की गई है ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग एवं कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न हो।

# सहायक लोको पायलट भर्ती को लेकर प्रदर्शन, 2 प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

**एजेंसी, पटना।**



पटना पुलिस ने 2 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। सहायक लोको पायलट भर्ती को लेकर मंगलवार को अभ्यर्थियों ने जमकर प्रदर्शन किया था। कारगिल चौक पर प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया था। इससे पहले बीते शनिवार 27 जनवरी को राजेंद्र नगर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर जाम कर दिया था। इस मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पुलिस ने 2 अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया है। DSP अशोक सिंह ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पांच नामजद और एक हजार से अधिक अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। 2 की गिरफ्तारी मंगलवार को हुई थी और 2 नामजद को आज गिरफ्तार किया गया है। अन्य की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

**मंगलवार को जमकर काटा था बवालः** बता दें, लंबे समय से रेलवे में नौकरी की तैयारी में लगे अभ्यर्थियों ने मंगलवार को सहायक लोको पायलट वेकैंसी को लेकर पटना की सड़कों पर जमकर बवाल काटा था। प्रदर्शन के कारण जाम की स्थिति बन गई थी। इस दौरान पुलिस के समझाने के बाद भी प्रदर्शनकारी नहीं माने और प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश कर गए। जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इस दौरान कई लोगों को चोटें आई हैं। पुलिस के हस्तेक्ष के बाद जाम को खुलवाया गया।

### 70 हजार पदों पर वेकैंसी निकालने की मांग

**कम से कम 70 हजार पदों पर वेकैंसी निकालने की मांगः** सड़क पर उतरे छात्रों की मांग है कि रेलवे भर्ती बोर्ड ने सिर्फ 5659 पदों पर बहाली निकाली है। उसे बढ़ाकर कम से कम 70 हजार से अधिक किया जाए। दूसरी मांग है एग्जाम का कैलेंडर जारी किया जाए।

### रेड जोन में हैं आज बिहार के 12 शहर

# भागलपुर और सहरसा का AQI 400 से पार

**एजेंसी, पटना।**



बिहार में मौसम का उतार चढ़ाव जारी है। इस कारण प्रदूषण का दर भी घट-बढ़ रहा है। बिहार के आज 12 शहर रेड जोन में है। आरा, अररिया, औरंगाबाद, बिहारशरीफ, छपरा, किशनगंज, मुजफ्फरपुर, पटना, पूर्णिया और राजगीर का एयर क्वॉलिटी इंडेक्स लेवल 300 के पार है। वहीं, भागलपुर और सहरसा का AQI 400 के पार है। राजधानी के गांधी मैदान और वेटनरी कॉलेज इलाके का AQI आज सामान दर्ज की गई है। आज गांधी मैदान और वेटनरी कॉलेज इलाके का एयर क्वॉलिटी इंडेक्स लेवल सामान है। दोनों का AQI आज सुबह 443 दर्ज की गई है। इन दोनों के बाद सबसे ज्यादा प्रदूषित इलाका दानापुर का है। यहां का AQI 412 मापा गया है। वहीं, राजवंशी नगर में 368, पटना सिटी में 323 AQI और तारामंडल में 139 AQI आज सुबह तक दर्ज की गई है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अनुसार 50 AQI लेवल तक अच्छा, 51 से 100 AQI लेवल तक संतोषजनक, 101 से 200 AQI लेवल तक थोड़ा, 201 से 300 AQI लेवल तक खराब, 301 से 400 AQI लेवल तक बहुत खराब और 400 AQI लेवल से अधिक खतरनाक श्रेणी में माना जाता है।

# युवक की गला दबाकर हत्या

## शव को अपराधियों ने नाले के पास फेंका, गुस्साए लोगों ने सड़क पर बवाल किया

**एजेंसी, पटना।**

पटना के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नूरा गांव में एक युवक की गला दबाकर हत्या कर दी गई है। घटना के बाद युवक के शव को नूरा पुल के नीचे फेंक दिया। बुधवार की सुबह पुलिस ने मृतक का शव बरामद किया है। हत्या की सूचना मिलते ही गांव के लोग उग्र हो गए। लोगों ने पटना गया मसौढ़ी मार्ग को जाम कर जमकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन कर रहे लोग अपराधियों के गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही मसौढ़ी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने बुझाने में जुट गई। मृतक की पहचान नूरा गांव निवासी पंकज कुमार उर्फ चिंटू चंद्रवंशी 35 वर्ष के रूप में हुई है।



**पंकज का मोबाइल स्विच ऑफः** घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि पंकज कुमार नूर गांव में रहकर खेती बारी करके परिवार के लोगों का भरण पोषण करता था। मंगलवार की शाम 4:00 बजे अपने घर से निकाला और इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिवार के लोगों ने रात 8:00 बजे जब पंकज से बात की तो उन्होंने बताया कि हंदाही पुल के निकट वह पहुंच रहा है। इसके बाद से पंकज का मोबाइल स्विच ऑफ हो गया।

**जल्द गिरफ्तारी की मांगः** परिवार के लोगों ने बताया कि पूरी रात पंकज कुमार को खोजने का प्रयास किया गया। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार की सुबह पंकज का शव नूरा पुल के नीचे से पुलिस ने बरामद कर लिया। पंकज की हत्या की खबर ग्रामीणों को मिल गई। इसके बाद वे उग्र हो गए। स्थानीय लोगों ने पटना गया मसौढ़ी मार्ग को पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया। अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने की मांग शुरू कर दी। घटना की पुष्टि करते हुए मसौढ़ी थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस हर बिंदुओं पर गहराई से छानबीन कर रही है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरा को भी खंगाला जा रहा है।

# पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की सुरक्षा सरकार ने छीनी

**एजेंसी, पटना।**



पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की Z प्लस सुरक्षा वापस ले ली गई है। नई सरकार बनते ही पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की सुरक्षा घेरा घटा दी गई है। उन्हें मिल रही जेड प्लस की सुरक्षा हटा दी गई है। फिलहाल तेजस्वी को एक मंत्री वाली सुरक्षा प्रदान की गई है। इधर, बीजेपी की सत्ता में वापसी होते ही पार्टी के नेताओं के सुरक्षा घेरा में इजाफा किया जा रहा है। बीजेपी नेताओं को Z प्लस और जेड सुरक्षा मिलनी शुरू हो गई है। राज्य सरकार ने बिहार के दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई है। दोनों की सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गई है। अब इनके साथ 24 घंटे 12 से अधिक कमांडो रहेंगे। इनके घर पर ही हमेशा 12 गार्ड की तैनाती रहेगी। सम्राट चौधरी को पहले से जेड तो विजय सिन्हा को वाई श्रेणी की सुरक्षा थी। गृह विभाग की ओर से बुधवार को अधिसूचना जारी होने की संभावना है। इधर, राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि रेलवे की नौकरी के बदले लोगों की कीमती जमीन लिखवाने के मामले में लालू प्रसाद एवं तेजस्वी यादव से पूछताछ के दौरान ईडी पर दबाव बनाने और अफसरों को डराने के लिए समर्थकों की भारी भीड़ जुटाना राजद के आपराधिक चरित्र का सूचक है।

# अलग होते ही नीतीश ने याद दिलाया लालू का जंगलराज

## बोले-तेजस्वी तो बच्चा था, शाम होते ही लोग सड़कों पर निकलने से डरते थे

**एजेंसी, पटना।**




महागठबंधन से अलग होते ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लालू परिवार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि 2005 से पहले बिहार की हालत क्या थी, कोई निकलता नहीं था घरों से। सड़कों की हालत क्या थी कहीं कोई पुल-पुलिया नहीं बनता था। तेजस्वी यादव का नाम लिए बिना कहा अभी वह बच्चा है, हम ही आए थे उसको क्या पता है। तेजस्वी बार-बार रोजगार का दावा कर रहे थे। नीतीश ने कहा कि हमने काम किया और क्लेम वो लोग कर रहे हैं।नीतीश कुमार का I.N.D.I.A गठबंधन पर भी बड़ा हमला। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने छोड़ दिया, कोई कुछ काम नहीं कर रहा था, यह भी तय नहीं कर रहा था कि कितनी सीटों पर चुनाव लड़ना है। अब वह लोग जानें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हमने दूसरा नाम बोला था, लेकिन इन लोगों ने I.N.D.I.A नाम रख लिया। राहुल गांधी के उस बयान पर भी सीएम ने जवाब दिया, जिसमें राहुल ने कहा था कि जातिगत गणना हमारे कहने पर नीतीश कुमार ने कराई थी। नीतीश ने कहा कि बिल्कुल गलत बात है, वह क्रेडिट ले रहे हैं, हमने जातिगत गणना कराया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि टीचर भर्ती को लेकर जो क्रेडिट लिया जा रहा है बिल्कुल गलत है, वह मेरा विजन था। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि बिहार के विकास के लिए हम लगातार काम कर रहे हैं और इसी विकास को आप लोग दिखाइए। नीतीश कुमार बुधवार को पटना में चौबीस घंटे काम करने वाले आपदा प्रबंधन इमरजेंसी कंट्रोल रूम का उद्घाटन करने पटेल भवन पहुंचे थे। जहां उन्होंने ये बातें कीं।

**इधर, RJD बोली-17 बरस बनाम 17 महीने हर कोई जानता हैः** वहीं, राजद के राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि 17 बरस बनाम 17 महीने हर कोई जानता है। आज किसी भी धर्म का व्यक्ति हो हर जगह हताशा का माहौल है। नीतीश कुमार तो पहले भी मुख्यमंत्री थे, लेकिन इतनी नौकरियां कहां मिलीं। जाति गणना की बात तेजस्वी यादव ने ही बिहार में शुरू की और उसके बाद उनके साथ ही नीतीश कुमार प्रधानमंत्री से मिलने गए थे। मनोज झा ने कहा कि तेजस्वी यादव के एजेंडा की वजह से ही इतनी नौकरियां बिहार में मिलीं। बिहार की चर्चा के अन्य कर्म से अब तक देश भर में होती रही, लेकिन जब नौकरियां मिलने लगी तब बिहार की चर्चा इस वजह से पूरे देश में होने लगी।आरजेडी नेता ने कहा कि तेजस्वी यादव से राजनीतिक लड़ाई लड़ना है तो वो लडें, तेजस्वी लालू प्रसाद के बेटे हैं झुकेंगे नहीं। क्या क्रेडिट वार में ही नीतीश तेजस्वी सरकार चली गई ? इस सवाल का जवाब में मनोज झा ने कहा कि बिहार कि जनता से आप पूछ लीजिए नौकरी मतलब तेजस्वी यादव है और नीतीश कुमार का नामकरण जनता में क्या हो गया है यह भी पूछ लीजिए।

# सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने को लेकर प्रदर्शन

**एजेंसी, पटना।**




### मिलर ग्राउंड पर शिक्षक अभ्यर्थियों का जुटान, कहा- रिजल्ट जारी नहीं होने पर आंदोलन करेंगे

शिक्षक भर्ती परीक्षा के दूसरे चरण में सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर बुधवार को हजारों की संख्या में शिक्षक अभ्यर्थी मिलर हाई स्कूल ग्राउंड पहुंचे हैं। आयोग और शिक्षा विभाग से जल्द सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने की मांग कर रहे हैं। शिक्षक भर्ती परीक्षा के दूसरे चरण में 14 हजार से अधिक सीटों पर सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने की बात कही गई थी। प्रदर्शनकारी बीजेपी ऑफिस के बाहर भी पहुंचे थे, जहां से पुलिसकर्मियों ने सभी को हटा दिया।

**क्या बोले शिक्षक अभ्यर्थीः** अनुपम कुमार ने कहा कि जल्द शिक्षक भर्ती परीक्षा के दूसरे चरण में सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी किया जाए। हम लोग बिल्कुल परेशान हो चुके हैं। जब शिक्षा विभाग अपनी मांगों को लेकर जा रहे हैं, तो वहां से बीपीएससी कार्यालय भेजा जा रहा है। बीपीएससी से शिक्षा विभाग भेजा जा रहा है। दोनों नदियों के बीच में हमारी नाव फस गई है। मेरा एक नंबर से छूटा हुआ है। अगर सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी होता है तो हमें नौकरी मिल जाएगी। वहीं, छात्र नेता दिलीप कुमार ने कहा कि शिक्षक भर्ती परीक्षा के पहले चरण में सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी हुआ था। दूसरे चरण में भी सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी होना था। शिक्षा विभाग ने कहा था कि सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी होगा। गांधी मैदान से खुद सीएम नीतीश कुमार ने भी इसकी घोषणा की थी। बुधवार को शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं। ताकि शिक्षक अभ्यर्थियों के साथ न्याय हो और जल्द से जल्द रिजल्ट जारी हो।

# आईसीटी लैब की स्थापना के बाद अब बच्चे नए तकनीकों से हो सकेंगे रूबरू: डीपीओ

## डीपीओ ने माध्यमिक विद्यालय महुआवा में लैब का किया उद्घाटन

चाणक्य भूमि। चिरैया



प्रखंड अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय, महुआवा में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) नित्यम कुमार गौरव ने इनफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (आईसीटी) लैब का फीता काटकर उद्घाटन किया। इससे पहले डीपीओ श्री गौरव का स्वागत विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार निराला ने पुष्प गुच्छ व शिक्षक डॉ. अभिषेक पांडे ने शॉल ओढ़ाकर किया। इस अवसर पर मौजूद विद्यार्थी व अभिभावकों को संबोधित करते हुए डीपीओ श्री गौरव ने कहा कि छात्रों में कौशल को बढ़ावा देने एवं विद्यालय के शिक्षा को रुचिकर बनाने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी विद्यालयों में आईसीटी लैब स्थापित की जा रही है। आज के आधुनिक युग में बच्चों को टेक्नोलॉजी से जोड़ने के लिए यह एक बेहतर विकल्प है। बच्चों में कंप्यूटर कम्युनिकेशन व इनफार्मेशन को लेकर काफी जिज्ञासा रहती है। आईसीटी लैब की स्थापना हो जाने से बच्चे नए-नए तकनीक से रूबरू हो सकेंगे। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार निराला ने कहा कि बदलते दौर में विद्यालयों में बच्चों को तकनीकी शिक्षा के लिए आईसीटी लैब का होना आवश्यक है। सरकार का यह कदम बहुत हीं सराहनीय है। बतादें कि विद्यालय में 20 कंप्यूटर सिस्टम स्थापित किए गए हैं। जिससे प्रतिदिन काफी संख्या में बच्चे कंप्यूटर का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। उक्त विद्यालय में आईसीटी लैब कुसुम एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा लगाई गई है। इधर, आईसीटी लैब स्थापित होने से विद्यालय के बच्चें काफी उत्साहित दिखे।

# पताही में जच्चा-बच्चा मौत मामले में जीएनएम ने अब तक नहीं दिया जवाब

चाणक्य भूमि। पताही

स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत जीएनएम रुक्मिणी कुमारी ने जच्चा-बच्चा मौत मामले में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण का अब तक जवाब नहीं दिया है। गौरतलब हो कि कुछ दिन पूर्व परसौनी कपूर निवासी चमेली देवी द्वारा आरोप लगाया गया था कि उनकी गर्भवती बहू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पताही में डिलीवरी के लिए एडमिट किया गया। जहां तैनात जीएनएम एवं एएनएम द्वारा 5000 रुपये की डिमांड की गई। उनकी यह डिमांड मान भी ली गई। इसके बाद जीएनएम रुक्मिणी कुमारी द्वारा उनकी बहू का छोटा ऑपरेशन किया गया, उसके बाद जब बच्चा इशू नहीं हुआ तो उन लोगों ने बाहर जाने की सलाह दी। जब मोतिहारी में निजी अस्पताल में इलाज कराया गया तो ऑपरेशन के बाद बच्चा मृत पाया गया एवं 15 तारीख को उनकी बहू का भी देहांत भी हो गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शंकर बैठा ने तत्काल प्रभाव से जीएनएम व एएनएम को डिलेवरी रूम से हटा कर स्पस्टीकरण मांगा था। डॉ. शंकर बैठा ने बताया की जीएनएम रुक्मिणी कुमारी ट्रेनिंग में गई हुई थी एक से दो दिन में उनके द्वारा स्पष्टीकरण का जवाब दे दिया जाएगा। इसके बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



# सम्मान समारोह आयोजित कर सेंटअप बच्चें एवं दो शिक्षकों को दी गई विदाई

चाणक्य भूमि। चिरैया

प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, महुआवा परिसर में विद्यालय के दो पूर्व शिक्षक एवं सेंटअप बच्चों को सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। समारोह का आयोजन मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में भाग लेने वाले विद्यालय के 10 वी एवं 12 वी के सेंटअप बच्चे उक्त विद्यालय के पूर्व शिक्षक पिंकू कुमार एवं शिक्षिका प्रीति पांडे के सम्मान में किया गया। बता दें कि इन दोनों शिक्षकों ने पिछले वर्ष बीपीएससी द्वारा आयोजित विद्यालय अध्यापक की परीक्षा पास कर जिले के अन्य विद्यालय में योगदान किया है। मुख्य अतिथि डीपीओ (माध्यमिक शिक्षा) नित्यम कुमार गौरव एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार निराला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्धघाटन किया। डीपीओ श्री गौरव ने नव निर्मित प्रधानाध्यापक कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर डीपीओ श्री गौरव ने पिछले चार महीने पूर्व विद्यालय की स्थिति एवं वर्तमान स्थिति को देखकर प्रधानाध्यापक संजय कुमार निराला, पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रीति पांडे एवं शिक्षक अभिषेक पांडे को विशेष रूप से साधुवाद दिया। उन्होंने विद्यालय परिवार के हौसले को तारीफ करते हुए कहा कि कम समय में विद्यालय का कायाकल्प कर आप लोगों ने एक मिसाल पेश की है। उन्होंने बच्चों को तनाव मुक्त होकर परीक्षा देने की सलाह दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक संघ के सचिव भैरव लाल यादव ने किया। मंच का संचालन डॉक्टर अभिषेक पांडे ने किया। कार्यक्रम को विजय पांडेय, शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष कौशल प्रसाद यादव, शिक्षिका रश्मि कुमारी, संजय कुमार आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं, अभिभावक सहित सैकड़ों की संख्या बच्चें उपस्थित थे।

# देशी व विदेशी शराब का विनष्टीकरण



चाणक्य भूमि। चिरैया

थाना क्षेत्र में शराबबंदी के बाद लगातार जब्त हो रही शराब का बुधवार को थाना परिसर में विनिष्टीकरण किया गया। अलग अलग जगहों से 12 कांडो में जब्त 4026.40 लीटर देशी व विदेशी शराब को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात अंचलाधिकारी चिरैया आनंद कुमार गुप्ता एवं चिरैया थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष केशव कुमार सिंह की मौजूदगी में तमाम शराब और डब्बे को नष्ट कर जलाकर जमीन के अंदर गड्ढे में ढक दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया विभाग के आदेश के अनुसार जब्त शराब को मौजूद अधिकारी के समक्ष बुलडोजर चलाकर नष्ट कर दिया गया है।

# पुलिस की आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज

## प्रेम प्रसंग में हत्या मामले में दो लोग हैं आरोपित

### खुटौना गांव का है मामला, टीम गठित

चाणक्य भूमि। पताही

थाना क्षेत्र अंतर्गत खुटौना गांव में प्रेमिका की हत्या मामले में पिता ने थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में पिता ने दो लोगों को आरोपित किया है। इसमें मोहन सिंह व प्रभाकर सिंह है। आवेदन में पिता ने पुलिस को बताया है कि मोहन सिंह मेरे बेटी को डरा धमका और ब्लैकमेल कर गलत कम करता था। मोबाइल पर गलत गलत मैसेज भी भेजता था। बात नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी जाती थी। वह पिछले दो वर्ष से लगातार उससे गंदी बात करता था। इसी बीच वह मेरी बेटी को जबरदस्ती उठा कर अपने घर ले गया। उसके बाद उसकी हत्या कर शव को अपने घर के बरामदे पर रख फरार हो गया। पकड़ीदयाल डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग का मामला लग रहा। मामले में दो लोगों को आरोपित किया गया है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया



गया है। जल्द मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।
















# भाजपा मंडल महामंत्री के निधन से शोक की लहर

चाणक्य भूमि। घोड़ासहन



भाजपा मंडल महामंत्री अरुण कुमार पांडेय के आकस्मिक निधन से पार्टी समेत पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन की खबर से संवेदना व्यक्त करने वालो का तांता लग गया। इस दौरान उनके निवास स्थान पर भाजपा के ढाका विधायक पवन जयसवाल ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोक व्यक्त करते कहा पूरा भाजपा परिवार शोकाकुल है। स्व. अरुण पांडेय जैसा निष्ठावान कार्यकर्ता पार्टी को बार बार नही मिलता। उनके निधन से जो क्षति भाजपा को हुई उसकी भरपाई आने वाले दिनों में असंभव है। अरुण पांडेय ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के तौर पर अपना सामाजिक जीवन शुरू किया। उसके बाद से लगातार भाजपा के विभिन पदों पर रहकर संगठन कार्य मे पूरी निष्ठा से काम करते हुए पार्टी की मजबूती के लिए दिन रात काम करते रहे। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश तिवारी ने कहा कि उनका आकस्मिक निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। इधर शिवहर सांसद रमा देवी ने भी उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने दुरभाष पर अपने शोक संदेश में कहा कि मंडल महामंत्री अरुण पांडेय के निधन का समाचार सुनकर बहुत दुख हुआ। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति और शोक संतप्त परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। उन्होने कहा कि मेरी गहरी संवेदनाएं स्व. अरुण पांडेय के परिजनों के साथ हैं। यहां बताते चले कि मंडल महामंत्री अरुण पांडेय का करीब 55 वर्ष की उम्र में मंगलवार की देर रात अचानक हृदयगति रुकने के कारण आकस्मिक निधन उनके निवास स्थान पर हो गया। वे अपने पीछे बूढ़ी मां, पत्नी व दो पुत्रों को छोड़ कर गए हैं। शोक व्यक्त करने वालो में प्रमुख प्रतिनिधि भोला यादव, पूर्व सांसद प्रत्याशी प्रभु नारायण, मंडल अध्यक्ष नागमणी सिंह, जिला महामंत्री सह पूर्व मुखिया मनीष कुमार, जिला पार्षद सह भाजपा नेता दिलीप शराफ, भाजपा नेता पप्पू चौधरी, सांसद प्रतिनिधि अशोक कुशवाहा, भाजपा नेता उपेन्द्र कुशवाहा, उदय चन्द्र जयसवाल, चिन्टू जयसवाल, नागेश्वर प्रसाद, पारस प्रसाद, रामाकांत गुप्ता, शिवमंगल मिश्रा, जइलाल दास, नवीन सिंह बघेला, आकाश जयसवाल, मुखिया प्रतिनिधि, प्रकाश सिंह काका, धीरेन्द्र सिंह, मनोज जयसवाल, मुखिया राजु जयसवाल, डॉ विजय कुमार, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के रंजीत अग्रवाल, नंदकिशोर प्रसाद, संतोष जयसवाल, जय जयसवाल, संजय कुमार मनपसंद, जयंत जयसवाल, समाजसेवी आकाश कुमार चौधरी पेंटल, राजीव पांडेय आदि हैं।

# क्रिकेट: एमजेके को हराकर फैसल इलेवन ने जमाया ट्रॉफी पर कब्जा

चाणक्य भूमि। सुगौली



एमजेके क्लब की ओर से एमजेके स्टेडियम में आयोजित चौथी एकता कप क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला फैसल एलेवन और एमजेके सुगौली टीम बीच खेला गया। इससे पहले टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सह वीआईपी के प्रदेश युवा सचिव मनोज सहनी ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल की महता पर प्रकाश डाला। आगत अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ कराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में बल्लेबाजी करते हुए एमजेके क्रिकेट क्लब के खिलाड़ियों ने निर्धारित ओवर में छह विकेट गंवाते हुए 135 रन बनाया जिसके जवाब में उतरी फैसल एलेवन सुगौली की टीम आठ विकेट पर लक्ष्य पूरा कर लिया और फाइनल मैच फैसल जीत लिया। वही मौके एमजेके युथ क्लब के अध्यक्ष मनोज सहनी ने कहा की इस तरह के खेल के आयोजन से बच्चो में ऊर्जावान होता है और खिलाड़ी और बेहतर खेल में आगे बढ़े सुगौली सहित पूरे देश का नाम रौशन करे इस की कामना करते है।मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मुकेश कुमार को दिया गया। जबकि मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार सुकेश कुमार को दिया गया। मौके पर आगत अतिथियों ने विजेता व उप विजेता टीम को शिल्ड प्रदान किया। मौके पर एमजेके क्लब के अध्यक्ष मनोज सहनी, परआत्मा सहनी, रूसतम आलम, मधुरेन कुमार, मनीष सिंह, देवधारी यादव, राजीव मिश्रा, नवल सहनी, सेंटू कुमार, मो. ऐनुल, पियुष राज, बादल कुमार सहित बड़े संख्या में दर्शक मौजूद थे।

# शव बरामद मामले में मां ने थाना में दिया आवेदन

चाणक्य भूमि। हरसिद्धि

थाना क्षेत्र के झड़वा गांव में नेयाज खान के झाड़ी पोखर के पास गत सोमवार को बरामद युवक के शव की पहचान मुरारपुर पंचायत के सरिसवा औरैया गांव के स्वर्गीय मैनुद्दीन मियां के पुत्र समीर आलम के रूप में हुई थी। मामले में मृतक समीर आलम की मां नुरसलिना खातून ने हरसिद्धि थाना पर आवेदन दिया है। जहां उसने बताया है कि उसके बेटा को 28 जनवरी के शाम में झड़वा गांव के ईदु उर्फ सैफ, सरिसवा औरैया के नागेंद्र मांझी व दो अज्ञात लोग आकर उसे घर से बुलाकर अपने साथ कहीं ले गए। जब रात तक वह घर नहीं आया, तो चारों तरफ खोजबीन की गई।

# सुगौली में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने किया बेहतरीन कार्य: चैंबर

चाणक्य भूमि। सुगौली

सुगौली में थानाध्यक्ष के पद पर रहकर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बेहतरीन कार्य किया है। बेहतर विधि व्यवस्था संधारित करने में उनकी बड़ी भूमिका रही। थानाध्यक्ष के रूप में श्री सिंह सुगौली वासियों के हृदय में बसे रहेंगे। उक्त बातें सुगौली चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, सचिव प्रियांशु सर्राफ, कोषाध्यक्ष संदीप अग्रवाल आदि ने संयुक्त रूप से कही। ट्रांसफर होने के बाद श्री सिंह को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष के बीते तीन माह के कार्यों और उपलब्धि की चर्चा की गई। कहा कि थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह कुछ दिन और रह गए होते तो सुगौली से शराब माफियाओं व अपराधियों की समाप्ति होनी तय थी। मात्र तीन महीने के कार्यकाल मे इन्होंने कई मामले का सफल उद्भेदन किया और कई आपराधियो को जेल के सलाखो के अंदर भी भेजा। उ थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने पदस्थापना से लेकर आब तक कई सराहनीय कार्य किए है।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा। सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714